BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

नागरिक एडवाइजरी कमेटियों, बोर्डों और ट्रिब्यूनलों के लिए आवेदन खुल गए हैं

कम्युनिटी के लिए ब्रैम्पटन के जोशीले निवासियों को 2022-2026 टर्म के लिए आवेदन करने की सलाह दी जाती है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (2 फरवरी, 2023) – शहर के निर्माण के लिए जोशीले और हमारी कम्युनिटी के भविष्य को बेहतर बनाने में मदद के इच्छुक निवासियों को, सिटी काउंसिल (City Council) की 2022-2026 टर्म के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की एडवाइजरी कमेटियों, बोर्डों, ट्रिब्यूनलों हेतु आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

इन ग्रुपों के मेम्बर, हमारे शहर में बदलाव लाते हैं और लोकल सरकार के फैसलों में सीधे तौर पर शामिल होते हैं। एडवाइजरी कमेटियां, बोर्ड और ट्रिब्यूनल, ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में मेयर और काउंसिल को सूचित करने में मदद करते हैं। फैसले लेने की प्रक्रिया में जनता की भागीदारी, रहने, काम करने और खेलने की शानदार जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

निम्नलिखित के लिए आवेदन अब खुल गए हैं:

खाली पदों वाली नागरिक-आधारित एडवाइजरी कमेटियां और बोर्ड:

- एक्सेसिबिलिटी एडवाइजरी कमेटी
- एक्टिव ट्रांसपोर्टेशन एडवाइजरी कमेटी
- ब्रैम्पटन हेरिटेज बोर्ड
- ब्रैम्पटन लाइब्रेरी बोर्ड
- ब्रैम्पटन कम्युनिटी सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी
- ब्रैम्पटन स्कूल ट्रैफिक सेफ्टी काउंसिल
- ब्रैम्पटन स्पोर्ट्स हॉल ऑफ फेम कमेटी
- एन्वायरनमेंट एडवाइजरी कमेटी

एडजुडीकेटिव कमेटीज, एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल तथा अन्य नियुक्तियां:

- एडमिनिस्ट्रेटिव मोनेट्री पैनल्टी सिस्टम हीयरिंग रिव्यू अफसर
- ब्रैम्पटन अपील ट्रिब्यूनल
- कमेटी ऑफ एडजस्टमेंट
- इलेक्शन कम्पलाइंस ऑडिट कमेटी
- प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स कमेटी

The Corporation of The City of Brampton
2 Wellington Street West, Brampton, ON L6Y 4R2 311 TTY: 905.874.2130

आवेदन फार्मों तक पहुंच और योग्यताओं और जिम्मेदारियों सहित अन्य विवरणों के लिए, यहां क्लिक करें (click here)। आवेदन, 28 फरवरी, 2023, शाम 4:30 बजे तक जमा किए जाने आवश्यक हैं।

कम से कम तीन काउंसिल मेम्बरों की कमेटी, आवेदकों का इंटरव्यू लेगी और फिर मार्च में मेयर और काउंसिल को नियुक्तियों के बारे में सिफारिशें करेगी।

वैकल्पिक फॉरमैट आवेदन, निवेदन करने पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां संपर्क करें:

सिटी क्लर्क का ऑफिस

ब्रैम्पटन सिटी हॉल
2 वेलिंग्टन स्ट्रीट वेस्ट, ब्रैम्पटन ON L6Y 4R2
905-874-2100, cityclerksoffice@brampton.ca

(Brampton City Hall
2 Wellington St W, Brampton, ON L6Y 4R2
905-874-2100, cityclerksoffice@brampton.ca)

हवाला

"नागरिक नियुक्तियां इस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं कि हम भविष्य के लिए कैसे योजना बनाते हैं। जनता की भागीदारी, सही शासन और वृद्धि के लिए जरूरी है। साथ मिलकर, हम ब्रैम्पटन को शानदार बना सकते हैं। कृपया हमारी सिटी को आज बेहतर और कल को सम्पन्न बनाने में मदद करने के लिए अपना नाम पेश करने के बारे में सोचें।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca